For acquiring solid integrity, sterling nobility and ability to hold the head high everyone needs sublime level of non compromising discipline and unstained character mingled with optimism and positive approach. A slight slip will give way for unpreventable infringement of worldly greats like greed, lust, power, pelf, position etc. into our fortified domains to make us victims and slaves. Once it happens it is followed by chain of events slicing us into many chunks, and compelling us to be armed to justify our awkward being. Accusations, arguments, counter arguments, blames, F I Rs, courts, jails, begging for bails, smile at acquittal,… but despair at conviction… Oh! The nasty, countless list of decent, deadly devils! Therefore the policy of 'to be in the world, but not of the world', as Jesus lived and wanted, turns out to be an inevitable way of life.

Birth declares our earthly being. It has umpteen sealed attachments to be revealed to us only in the due course of time. Faltering, fumbling, staggering, straightening, ups and downs, cries and smiles, failures and successes, sufferings and consolations, abandonments and refuge, poverty and wealth, loneliness and togetherness and what

not _ an endless list of the truths of life revolves around us with gravitational pulls to entrap us. Invariably everyone, in one way or other, goes through all these realities which, in fact, is called life. The unfathomable pang that Jesus underwent in Gethsemane forced him to cry, "Father, if you will, take this cup of suffering away from me.." (Lk. 22: 42). Though he continued to express his mind, "Not my will, however, but your will be done", the Father in heaven had no mercy on Jesus. Such ardent, heart rending, deeply anguished prayer went unheard! Even more disheartening and totally devastating is the utter, helpless cry of Jesus on the cross, "Eli, Eli, Lema Sabachthani, My God, my God, why did you abandon me?" (Mt. 27: 46). When one feels that the earth beneath his feet is moving away, none to hold or save, and life is shifting off, the intensity of despair and despondency is beyond any mind can conceive. This bloodcurdling situation has a great message which vociferously tells that one's sorrows and pains of life has to be endured and lived by oneself. Request for intervention and support depends upon the purity of mind, depth of faith and honesty of request of the implorer. That was why Jesus was able to demonstrate illustrious magnanimity to all the perpetrators by unconditionally forgiving them while dying on the cross, "Father, forgive them, for they do not know what they do" (Lk. 23: 34), and make the glorious submission, "Father, in your hands I place my spirit!" (Lk. 23: 46).

All this is the way in life that we explore and experience: the immutable truths that universally prevail in life; the life that is being lived in life; and very clearly presented by Jesus when he said, "I am the Way, the Truth, and the Life" - the Way of life, the Truth of life, the Life of life.





## फातिमा हॉस्पीटल, आगरा

### नर्सिंग प्रशिक्षण कोर्स प्रवेश सूचना

फातिमा हॉस्पीटल पिछले सत्ताईस वर्षों से आगरा शहर में अपनी सेवाएं दे रहा है। यह अस्पताल समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए कार्य कर रहा है। यहाँ पिछले 9 वर्षों से समाज की निर्धन कन्याओं एवं महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नर्सिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो भारत सेवक समाज, चेन्नई द्वारा मान्यता प्राप्त है। कोर्स की अवधि एक वर्ष है। 1 अगस्त 2022 से शुरु होने वाले नये बैच के प्रवेश के लिए जानकारी और आवेदन फार्म फातिमा हॉस्पीटल से प्राप्त कर सकते हैं। योग्यता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:–

**अस्पताल प्रशासिका, फातिमा हॉस्पीटल**
**32, एम.जी. रोड, आगरा फोन: 05622466550**
**मोबाइल नं. : 7599496609, 7248716019**

# माता मरियम की माला-विनती के प्रति हमारी भक्ति

माता मरियम के आदर में माला विनती की प्रथा कब से शुरु हुई, इस विषय में हमें कोई निश्चित जानकारी नहीं है। तीसरी और चौथी सदी में कुछ रेगिस्तानी मठवासी रस्सियों में गाँठ बाँधकर उसे प्रार्थना के उपयोग में लाते थे। सन 431 की एफेसुस की महासभा के साथ मरियम-भक्ति को बढ़ावा मिलने लगा। एक परम्परा के अनुसार 1214 में माता मरियम ने संत दोमिनिक को दर्शन देकर उन्हें पवित्र माला प्रदान की थी।



सन 1569 में संत पापा पीयुस पाँचवें ने कलीसिया में औपचारिक रीति से माला विनती की शुरुआत की। सन् 1571 में संत पापा पीयुस पाँचवें ने यूरोप के ख्रीस्तीय विश्वासियों से आग्रह कि वे लेपान्तो की लड़ाई में विजय के लिए माला विनती की प्रार्थना करें। इस प्रार्थना के फलस्वरूप जब उन्हें विजय प्राप्त हुयी, तब उस विजय को उन्होंने अक्टूबर 7 तारीख को विजय की माता मरियम के त्योहार के रूप में मनाया। बाद में इस त्योहार का नाम बदलकर माला विनती की माता मरियम का त्योहार रखा गया।

सन 1833, सितंबर 1 तारीख को संत पापा लियो तेरहवें ने अपने लोक परिपत्र सुप्रेमी अपोस्तोलातुस ओफीचियो में माला विनती को समाज को सताने वाली बुराईयों का मुकाबला करने का सबसे प्रभावशाली आध्यात्मिक हथियार बताया। उत्पत्ति 3:15 में ईश्वर कहते हैं, ''मैं तेरे और स्त्री के बीच, तेरे वंश और उसके वंश में शत्रुता उत्पन्न करूँगा। वह तेरा सिर कुचल देगा और तू उसकी ऐड़ी काटेगा।'' माला विनती संत योहन तेईसवें तथा संत योहन द्वितीय की पसंदीदा प्रार्थना थी।

संत योहन पौलुस द्वितीय ने अपने लोक परिपत्र रोजारियुस विर्जीनिस मरियम के द्वारा ज्योति के पाँच भेदों को माला विनती में शामिल किया।

माला विनती में हम येसु के पास्का रहस्यों को मनाते हैं। इस में गब्रिएल दूत के द्वारा माता मरियम को सन्देश देने की घटना से लेकर मुक्तिप्राप्त मानवजाति की प्रतिनिध के रूप में माता मरियम के स्वर्गारोहण तथा मुकुटधारण तक की घटनाओं पर हम ध्यान-मनन करते हैं। हम माता मरियम के साथ मिलकर प्रभु येसु ख्रीस्त के रहस्यों पर ध्यान-मनन करते हैं। संत लूकस अपने सुसमाचार में दो बार हमें बताते हैं कि माता मरियम ने येसु के जीवन के रहस्यों को अपने हृदय में ''संचित रखा'' (लूकस 2:19, 51)। प्रेरित-चरित 1:12-15 में हम पाते हैं कि करीब 120 लोग प्रभु येसु के स्वर्गारोहण के बाद अटारी में माता मरियम के साथ पवित्र आत्मा के आने की प्रतीक्षा में प्रार्थना कर रहे थे। तत्पश्चात पवित्र आत्मा उन सब पर उतरते हैं। जब कभी हम माला विनती करते हैं, हम उसी शिष्य-समुदाय के समान माता मरियम के चारों ओर एकत्र होकर प्रार्थना करते हैं।

माला विनती में हम ईश वचन दुहराते हैं, ''हे पिता, हमारे प्रार्थना प्रभु की ही प्रार्थना है।'', जिसे प्रभु ने अपने शिष्यों को सिखाया था। इसलिए हम इसे परिपूर्ण प्रार्थना कह सकते हैं। लूकस 1:28 के अनुसार स्वर्गदूत गब्रिएल ने माता मरियम को 'प्रणाम मरियम' कहकर संबोधित किया था। यह पवित्र ग्रन्थ में एक असाधारण बात है कि किसी को भी स्वर्गदूत बड़े आदर के साथ प्रणाम करते हैं। अक्सर हम यह पाते हैं कि स्वर्गदूत को देखकर लोग भयभीत होते हैं और स्वर्गदूत गंभीरता से अपना सन्देश

सुनाकर चले जाते हैं। परन्तु माता मरियम के पास आकर स्वर्गदूत गब्रिएल उनको प्रणाम करते हैं। ''प्रणाम मरिया, कृपापूर्ण प्रभु तेरे साथ है।'' ये शब्द स्वर्गदूत के ही हैं। हम जानते हैं कि स्वर्गदूत ईश्वर के सन्देशवाहक होते हैं और ईश्वर की आज्ञा के अनुसार ही स्वर्गदूत अपने शब्दों का भी चयन करते हैं। पिता परमेश्वर ने ही स्वर्गदूत गब्रिएल को माता मरियम को इन शब्दों से संबोधित करने की आज्ञा दी थी।

''धन्य है तू स्त्रियों में और धन्त तेरे गर्भ का फल येसु''– ये एलिज़ाबेथ के शब्द हैं (लूकस 1:42)। स्वर्गदूत से सन्देश प्राप्त करने के बाद माता मरियम शीघ्रता से पहाड़ी प्रदेश में अपनी कुटुंबिनी एलिज़बेथ से मिलने जाती हैं। माता मरियम के अभिवादन सुनकर एलिज़बेथ यह कहती हैं। लूकस 1:41 से हमें यह भी मालूम पड़ता है कि यह बात एलिज़बेथ पवित्र आत्मा की प्रेरणा से कहती हैं।

इस प्रकार हमें यह मालूम होता है कि 'प्रणाम मरिया' प्रार्थना का पहला भाग ईशवचन ही है। माला विनती में हम बार-बार ईश वचन को दुहराते हैं। इस प्रकार ईशवचन को दुहराने से क्या होता है? लूकस 6:45 कहता है, ''अच्छा मनुष्य अपने हृदय के अच्छे भण्डार से अच्छी चीजें निकालता है और जो बुरा है, वह अपने बुरे भण्डार से बुरी चीजें निकालता है; क्योंकि जो हृदय में भरा है, वही तो मुँह से बाहर आता है।'' हम जिस ईशवचन को बार-बार दुहराते हैं, वे हमारे हृदय में एक अच्छा भण्डार बनते हैं। स्तोत्र 119:11 में पवित्र वचन कहता है, ''मैंने तेरी शिक्षा अपने हृदय में सुरक्षित रखी, जिससे मैं तेरे विरुद्ध पाप न करूँ।'' इससे यह साफ है कि पवित्र वचन को बार-बार दुहरा कर उस पर मनन-चिंतन करने से हम पाप से दूर हो जाते हैं।


प्रणाम मरिया प्रार्थना के दूसरे भाग में हम माता मरियम की मध्यस्थता की याचना करते हैं। माता मरियम की मध्यस्थता की शक्ति हमें काना के विवाह-भोज (योहन 2:1-11) में देखने को मिलती हैं। माता मरियम के कहने पर प्रभु येसु अपना समय न आने पर भी पानी को अंगूरी में बदलकर अपना पहला चमत्कार करते हैं।

इस प्रकार हमें ज्ञात होता है कि माला विनती माता मरियम के साथ मिलकर प्रभु येसु के जीवन के रहस्यों पर ध्यान-मनन की प्रार्थना है। यह पवित्र वचन पर आधारित प्रार्थना है। यह आध्यात्मिकता में बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है।

## Happy Mother's Day 2022

A mother's position in a child's life is irreplaceable, and we can all agree that this is an unquestionable truth. Of all the relations known to us, a mother's bond with her child is above everything else because of their undying love, dedication and devotion to kids. Our mothers dedicate a large part of their lives to nurturing us and making us into better humans. From feeding us our first morsel to hearing our first words to handling our tantrums to providing us with a shoulder to cry on when we grow older, a mother is present in every stage of our lives. Mother's Day is a celebration to honour our mother's selfless love and each sacrifice they make for their children. On this day, people celebrate mothers, mother-like figures in their lives and even grandmothers.

Their efforts are often taken for granted. Caring for their kids and families becomes their top priority. However, things shouldn't be this way. So, why not remind ourselves on Mother's Day to always make our mothers feel appreciated for what they do for us and stand for their rights. On this day, we also acknowledge the unquantifiable and selfless contribution every mother has made to her children's success. It is a day to thank her for everything.




Saint of the Month

# Saint Damien de Veuster

**Feast Day : 10 May**

When Joseph de Veuster was born in Tremelo, Belgium, in 1840, few people in Europe had any first hand knowledge of leprosy, Hansen's disease. By the time he died at the age of 49, people all over the world knew about this disease because of him. They knew that human compassion could soften the ravages of this disease.

Forced to quit school at age 13 to work on the family farm, Joseph entered the Congregation of the Sacred Hearts of Jesus and Mary six years later, taking the name of a fourth-century physician and martyr. When his brother Pamphile, a priest in the same congregation, fell ill and was unable to go to the Hawaiian Islands as assigned, Damien quickly volunteered in his place. In May 1864, two months after arriving in his new mission, Damien was ordained a priest in Honolulu and assigned to the island of Hawaii.

In 1873, he went to the Hawaiian government's leper colony on the island of Moloka'i, set up seven years earlier. Part of a team of four chaplains taking that assignment for three months each year, Damien soon volunteered to remain permanently, caring for the people's physical, medical, and spiritual needs. In time, he became their most effective advocate to obtain promised government support.

Soon the settlement had new houses and a new church, school and orphanage. Morale improved considerably. A few years later, he succeeded in getting the Franciscan Sisters of Syracuse, led by Mother Marianne Cope, to help staff this colony in Kalaupapa.

Damien contracted Hansen's disease and died of its complications. As requested, he was buried in Kalaupapa, but in 1936 the Belgian government succeeded in having his body moved to Belgium. Part of Damien's body was returned to his beloved Hawaiian brothers and sisters after his beatification in 1995.

When Hawaii became a state in 1959, it selected Damien as one of its two representatives in the Statuary Hall at the US Capitol. Damien was canonized by Pope Benedict XVI on Oct. 11, 2009.

## DATES TO REMEMBER (MAY)

01 O.D. Fr. Stephen K.
01 O.D. Fr. Sunny Kottoor
01 O.D. Fr. Mathew Thundiyil
01 O.D. Fr. Eugene Moon Lazarus
01 O.D. Fr. Cyril Prakash Moras
02 O.D. Fr. Elias Correia
02 O.D. Fr. Philip Correia
02 O.D. Fr. Andrew Correia
05 O.D. Fr. Roy Dolphus
08 O.D. Fr. Jacob Palamattom
09 B.D. Fr. Joseph Rodrigues
09 O.D. Fr. John D'Cunha
12 O.D. Fr. Arimboor Xavier
16 B.D. Fr. Praveen D'Costa
24 B.D. Fr. Arun Lasrado
25 B.D. Fr. Sebastian Pantaladi
28 B.D. Fr. Anthony C.J.
28 B.D. Fr. Mariyan Lobo

## फातिमा अस्पताल द्वारा सेवला जाट, आगरा में विश्व टी.बी. दिवस मनाया गया



आगरा, 24 मार्च। फातिमा अस्पताल द्वारा सेवला जाट में विश्व टी.बी. दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए कार्यक्षेत्र से बुलायी गयी सभी महिलाओं व पुरुषों को हैंड सैनिटाइज़र व मास्क लगवा कर कार्यक्रम में भाग लेने दिया। कार्यक्रम के माध्यम से जनता तक संदेश पहुँचाया गया, कि हम ''सब ने अब ये ठाना है, भारत को टी.बी. मुक्त बनाना है।'' भारत सरकार द्वारा दी जा रही, डॉट्स सेवा के बारे में जानकारी दी। साथ ही इस अवसर पर इस बीमारी पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर हॉस्पीटल प्रोजेक्ट इंचार्ज सिस्टर जॉली फ्रांसिस ने बताया, कि ''टी.बी. की बीमारी का इलाज सम्भव है, अगर मरीज दवा लेने के साथ दवाई का पूरा कोर्स करें, तो वह इस बीमारी से पूरी तरह ठीक हो सकता है।'' इस अवसर पर श्रीमती मोली जोस ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया तथा टी.बी. की बीमारी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी के साथ कोविड-19 के विषय में लोगों को जागरुक किया। इस कार्यक्रम में सोशल वर्किंग स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा। सिस्टर जॉली फ्रांसिस ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में लगभग 90 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में सभी लोगों के लिए खाने-पीने का भी प्रबन्ध किया गया था। **— सिस्टर जॉली फ्रांसिस**

## फादर फिलिप द्वारा संकलित 'ईश-वचन' पुस्तिका का विमोचन



आगरा, 7 अप्रैल। महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि ने फादर फिलिप कोरिया द्वारा तैयार (संकलित) 'ईश-वचन' का विमोचन किया। फादर फिलिप इस पुस्तक पर पिछले कई महीनों से कार्य कर रहे थे। इस पुस्तक की विशेषता यह है कि पूजन पद्धति के शब्द समारोह (पवित्र मिस्सा) के दौरान हम जो पाठ धर्मग्रन्थ से तीन वर्षों (चक्र अ, ब, स) में पढ़ते हैं, केवल उन्हीं पाठों को इस पुस्तिका में लिया गया है। बाबा फादर कामिल बुल्के (ये.स.) द्वारा अनुवादित पवित्र बाइबिल को आधार मानकर फादर फिलिप ने 'ईश-वचन' किया है। उन्होंने अन्य सभी अनावश्यक पाठों को इसमें शामिल नहीं किया है।

'ईश-वचन' का विमोचन करने के पश्चात महाधर्माध्यक्ष जी ने आगरा महाधर्मप्रांत की पाँचों डीनरियों

के डीनों को एक–एक प्रति भेंट की। वहीं फादर फिलिप ने अपनी ओर से सभी फादर को एक–एक प्रति भेंट की। **—संपादक**

## ए.डी.सी.सी. के तत्वावधान में पास्का पर्व (पुनरुत्थान दिवस) मनाया गया



आगरा, 17 अप्रैल। परमपिता की असीम कृपा से दो वर्षों के लम्बे अन्तराल के बाद आगरा डिस्ट्रिक्ट काउंसिल ऑफ चर्चेज़ (ए.डी.सी.सी.) के तत्वावधान में आगरा के समस्त ईसाई विश्वासियों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के मुर्दों में पुन: जीवित होने की याद में प्रात:काल पांच बजे सेंट जॉर्जेज़ कथीड्रल चर्च के प्रांगण में पुनरुत्थान दिवस (ईस्टर का महापर्व) मनाया गया। इस अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में आगरा के विश्वासीगण वहाँ एकत्र हुए।

गायन मण्डली का संचालन पास्टर विशाल किण्डर और पास्टर सुभाष चन्द ने किया। मण्डली ने ईस्टर के मुबारक मौके पर सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। सभा का संचालन काउंसिल के अध्यक्ष रेव्ह. जिब्राएल दास ने किया।

पुनरुत्थान दिवस पर सारगर्भित प्रवचन सेंट जॉर्जेज़ कथीड्रल चर्च के पासबान श्रद्धेय बेनयामिन दास ने दिया। उन्होंने पुनरुत्थान पर्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विश्वासियों से मार्मिक अपील की, कि समाज की मांग को समझते हुए सभी मसीही विश्वासियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है।

सभा को क्लर्जी फैलोशिप के सचिव फादर मून लाजरस ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने नगर के सभी पासबानों से एक होने की अपील की। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में सभी पासबानों की एक बड़ी सभा होने वाली है, इसीलिए सबको अपना नाम, पता लिखाने की बड़ी जरूरत है। साथ ही उन्होंने लोगों से यह भी अनुरोध किया, कि गोरों का कब्रिस्तान जाते समय छावनी परिषद के नियम–कानूनों का पालन करें, अन्यथा भविष्य में हम सबके लिए बहुत मुश्किलें आ सकती हैं।

धन्यवाद ज्ञापन श्री नॉरमन थॉमस (सचिव) ने दिया। सभा के अन्त में सभी को चाय व ईस्टर बन वितरित किए गए। तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे को ईस्टर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सभा विसर्जित हो गई। **— मोनिका जेकब, आगरा छावनी**

## ऐतिहासिक गिरजाघर में पुरोहिताभिषेक सम्पन्न



आगरा 24 अप्रैल। आगरा के समस्त ईसाई समाज के लिए आज रविवार का दिन ईश्वर को धन्यवाद देने का अवसर रहा, जब वजीरपुरा मार्ग स्थित निष्कलंक माता महागिरजाघर में महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि द्वारा दो उपयाजकों श्रद्धेय कुलकान्त और सचित को पुरोहित अभिषिक्त किया गया। इस अवसर पर प्रभावशाली प्रवचन में महाधर्माध्यक्ष ने भारतीय समाज में और विशेषकर ईसाई परंपरा में पुरोहित की भूमिका पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होनें बताया कि ''पुरोहित सबके

लिए, पूरी कलीसिया और समाज के लिए चुने जाते हैं। ये लोग नबियों की भांति हैं। हो सकता है, कि इनका बुलावा अन्य नबियों के समान नाटकीय ढंग से न हुआ हो, फिर भी किसी न किसी पुरोहित, धर्मसंघी या ईश वचन ने इन्हें अवश्य ही प्रभावित किया होगा।

आज हम आनन्दित हैं, क्योंकि अभी हस्तारोपण के बाद इनमें परिवर्तन होगा। इनका आध्यात्मिक डी.एन.ए. बदल जाएगा। इनका मनोभाव प्रभु ख्रीस्त का मनोभाव हो जाएगा। प्रभु को हमारे हाथ, पाँव और दिल की जरूरत है। ये उपयाजक एक संस्कार या पवित्र सन्दूक (प्रकोष्ठ) बन जाऐंगे।''

फादर मून लाजरस ने बताया कि 174 वर्ष पुराने महागिरजाघर में अभिषेक विधि में भाग लेने के लिए आगरा महाधर्मप्रात के सोलह जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधि पुरोहित व विश्वासियों ने भाग लिया। मुख्य प्रवचन में महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि ने दोनों उम्मीदवारों को सम्बोधित करते हुए उन्हें बदलते युग–परिवेश में पुरोहित की जिम्मेदारियों का एहसास कराया। उन्होंने उन्हें बताया कि उन्हें अपने उत्तम आचरण और मृदुल व्यवहार से ईश्वरीय कृपा और अनुकंपा को साक्षात कराना है। स्वयं प्रभु ईसा मसीह का दूसरा स्वरूप बनकर ईश्वरीय करूणा बांटना है।

धर्मविधि से पहले दोनों उम्मीदवारों ने अपने माता–पिता व अभिभावकों के साथ विशाल गिरजाघर में प्रवेश किया। उम्मीदवारों के माता–पिता एवं अन्य परिजनों ने उन्हें महाधर्माध्यक्ष को सौंप दिया। तत्पश्चात महाधर्माध्यक्ष ने उनकी स्वेच्छा के सम्बन्ध में सहमति प्राप्त की। तब दोनों उम्मीदवारों को आजीवन ब्रह्मचर्य एवं आज्ञापालन की शपथ (पुरोहितिक व्रत) धारण कराया गया तथा आशीष के पवित्र तेल से उनका अभिषेक किया गया। उपस्थित सभी पुरोहितों ने परंपरा का अनुसरण करते हुए उनके सिरों पर हाथ रखकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं पूजा के पवित्र वस्त्र धारण कराए।

पूजन विधि का संचालन फादर लुईस खेस ने किया। इस अवसर पर चर्च की गायन मण्डली ने फादर प्रकाश डिसूजा और फादर अमित के निर्देशन में सुन्दर गीतों के माध्यम से भक्तिभावना में चार चाँद लगा दिए। पुरोहिताभिषेक के तुरंत बाद अभिनन्दन समारोह आयोजित कर नव पुरोहितों का सम्मान किया गया।

क्रिश्चियन समाज सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष श्री डेनिस सिल्वेरा ने बताया कि इन तीन नए पुरोहितों को मिलाकर आगरा महाधर्मप्रांत में पुरोहितों की कुल संख्या 83 हो गई है। नए पुरोहितों की नियुक्ति जुलाई माह में होगी। उन्होंने तीनों नवाभिषिक्त पुरोहितों को बधाई देते हुए उनके लिए मंगलकामना की है।

**—डेनिस सिल्वेरा, आगरा**

## निर्धन व जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित



आगरा, 25 अप्रैल। जी.एल.आर.ए. इण्डिया/ माइज़ेरर (एनजीओ) (जर्मन लेप्रोसी एवं टी बी रिलीफ एसोसिएशन इण्डिया एवं मिसिरेओर) द्वारा आगरा की कई मलिन बस्तियों के कोरोना काल से पीड़ित 125 परिवारों को राशन वितरण किया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक मयंक कुलश्रेष्ठ, सिस्टर जॉली, प्रमोद कुमार, श्रीमती मौली जोस, अंकुर एवं सविता आदि उपस्थित थे।

**— मयंक कुलश्रेष्ठ, फातिमा अस्पताल, आगरा**

## सेंट जॉन पॉल स्कूल में छात्र संघ चुनाव सम्पन्न



आगरा, 26 अप्रैल। सेंट जॉन पॉल्स स्कूल, भरापुर, फतेहाबाद में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों की छात्र संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात् सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथों से पाठ पढ़े गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रद्धेय फा. प्रकाश डिसूजा (प्रबंधक) ने छात्रों को उनके बैज पहनाकर उन्हें अपने कर्त्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि, ''यह पद उन्हें अपनी योग्यता सिद्ध करने का एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे सभी भविष्य में भी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह कर सकेंगे।'' विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रद्धेय फा. सन्तियागो राज ने छात्र संसद को उनके पद और कर्त्तव्य पालन की शपथ ग्रहण कराई। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि उन्हें भेदभाव रहित होकर अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु. हिना उपाध्याय द्वारा किया गया।

## श्रमिक दिवस समारोह मनाया गया



फतेहाबाद, 30 अप्रैल। सेंट जॉन पॉल्स स्कूल, भरापुर, फतेहाबाद में श्रमिक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों का तिलक लगा कर तथा बैज पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के कर्मचारियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। बच्चों ने उनके स्वागत में नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए। श्रीमती नीतू वशिष्ठ ने श्रमिक दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए श्रमिकों के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। सिस्टर प्रतिमा एक्का ने सभी श्रमिकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, कि ''हम सभी हमारे इन श्रमिक भाई बहनों के कारण ही अपने विद्यालय के सभी कार्य सुचारू रूप से चलते हैं। कोई भी संस्था मजदूरों के परिश्रम के बिना सुचारू रूप से संचालित नहीं हो सकती है। अत: हमें मजदूरों के पारिश्रमिक के साथ-साथ उनके स्वाभिमान और सम्मान का भी ध्यान रखना चाहिए।'' विष्णु दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कु. वंशिता सक्सैना तथा मास्टर तन्मय दौनेरिया ने किया।

## Workers' Day Celebrated at St. Clare's Sr. Sec. School, Agra



On 30th April, 2022 Saturday, St. Clare's Senior Secondary School, Agra Cantt celebrated International Workers' Day on the Theme 'without WORKERS' nothing prospers' with aplomb to salute the unending efforts of the service staff of the school.

Class XII students organized a special programme during the morning assembly to

commemorate the WORKERS' Day in order to appreciate and thank their selfless services. The principal, Rev. Fr. Bhaskar Jesuraj appreciated, encouraged and blessed the service staff with his words of wisdom. On behalf of the management, teachers and students; the manager, Rev. Fr. Gregory Tharayil, Rev. Fr. Bhaskar, Sr. Victoria Alex and Sr. Lissy honored all the support staff of the school with garlands and gifts as token of gratitude. Mr. Rajan and Mr. Shabaaz as the representatives especially thanked each member of St. Clare's family on behalf of all the support staff. The day ended with a small get-together and refreshments for all.

**Mrs. Veronica Peter (PGT)**
**St. Clare's Sr. Sec. School, Agra Cantt**

## International Labour Day celebrated in St. Anthony's Junior College



Agra, 2 May. The International Labour Day was celebrated here in St. Anthony's School, Agra Cantt. The programme commenced with lighting of the lamp by Rev. Sr. Lucy (Principal), Sr. Pratima Tirkey, Mrs. Aparna Rathore and other helpers; Sri Brijesh, Sri Sanjay and Smt. Meera. To mark the occasion students of std. IX- A conducted a special assembly followed by a poem by students of std. III-A, to show their gratitude towards the helpers. The programme ended with the words of wisdom by our respected Principal. A token of appreciation was presented to every helper, in the form of sweets and greeting card. The senior most helper, Sri Brijesh, expressed gratitude on behalf of the helpers. **- Ms. Meena Pollock, Agra**

## सेंट पॉल्स इण्टर कॉलेज में श्रमिक दिवस सम्पन्न



आगरा, 2 मई। ''जिन लोगों को अपने परिश्रम पर विश्वास होता है, वे लोग कभी किसी भी परिस्थिति में हार नहीं मानते हैं।'' ऐसे ही परिश्रमी और लगन से अपने कामों को करने वाले विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को याद रखते हुए सेण्ट पॉल्स इण्टर कॉलेज में 2 मई को श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर साजी पालामट्टम द्वारा सहायक वर्ग को उनके कठिन परिश्रम एवं सेवाओं के लिए भेंट प्रदान कर उनकी सराहना की। तत्पश्चात सभी के लिए भोजन का आयोजन किया गया। **—सुश्री पूनम होरा (अध्यापिका)**

## प्रादेशिक महिला आयोग का तीन दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम सम्पन्न

आगरा, 6-8 मई। प्रादेशिक महिला आयोग (आगरा रीजन) का तीन दिवसीय वार्षिक ट्रेनिंग कार्यक्रम यहाँ सेंट जोसफ पास्टोरल सेण्टर, आगरा में सफलतापूर्वक

सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और राजस्थान के विभिन्न नौ धर्मप्रांतों से 45 महिलाओं ने इसमें भाग लिया। इस बार का विषय था– ''आज की लिंग समानता, आने वाला संभला हुआ कल।''



कार्यक्रम की शुरुआत महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि द्वारा चढ़ाए गए पवित्र मिस्सा बलिदान से हुई। अपने प्रवचन में महाधर्माध्यक्ष जी ने कलीसिया और समाज में महिलाओं की भूमिका को समझाया। तत्पश्चात स्वामी जी ने की–नोट (मूलभाव) प्रस्तुत किया। अपनी अस्वस्थता के कारण आयोग के चेयरमेन बिशप श्रद्धेय पायस डिसूजा कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाये, लेकिन वे टेलीफोन पर निरन्तर सम्पर्क बनाए रहे। श्रीमती रीटा क्रिस्पिन ने सबका स्वागत किया। सुश्री पैन्सी थॉमस (आयोग की सचिव) ने आयोग की गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के दूसरे दिन महाधर्माध्यक्ष डॉ. आल्बर्ट डिसूजा (निवर्तमान महाधर्माध्यक्ष) ने पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम दो संभाषण श्रद्धेय फादर जॉन रोशन परेरा ने कार्यक्रम के मुख्य विषय पर दिए। तत्पश्चात उन संभाषणों पर सामूहिक विचार–विमर्श हुआ। लंच से पूर्व रिपोर्ट प्रस्तुति थी। मध्यान्ह के दो संभाषणों में श्रद्धेय फादर (डॉ.) मैक्सिम डीसा ने कलीसियाई कानून और ख्रीस्तीय पारिवारिक जीवन पर प्रकाश डाला। दोनों बैठकों के बाद गम्भीर विचार–विमर्श हुआ। रात्रि भोजन से पूर्व रिपोर्टिंग हुई।

कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन का शुभारम्भ आगरा महिला आयोग के निदेशक श्रद्धेय फादर ग्रेगोरी थरायल द्वारा चढ़ाए गए पवित्र मिस्सा के साथ हुआ। इस दिन की सभी बैठकों को सी.बी.सी.आई. के महिला आयोग की राष्ट्रीय सचिव श्रद्धेय सिस्टर लिडविन फर्नांडीज (यू.एफ.एस.) ने सम्बोधित किया। आयोग की सचिव सुश्री पैन्सी थॉमस ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

**— कविता (इलाहाबाद), शैरी फर्नांडीज़ (कोटा) एवं अंजलीना मोसस (आगरा)**

## सेंट थॉमस पल्ली में बरकतों की बारिश: तीन नए फूल प्रभु सेवा में समर्पित



आगरा, 8 मई। सेंट थॉमस पल्ली, शास्त्रीपुरम (सिकन्दरा), आगरा ने वो चमत्कार दिखाया, जो अभी तक महाधर्मप्रांत की किसी अन्य पल्ली ने नहीं किया है। तीन नई बुलाहटों (एक पुरोहित और दो धर्मबहनों को) प्रभु की बलिवेदी पर समर्पित कर दिया। जहाँ एक ओर सिकन्दरा पल्ली निवासी नवाभिषिक्त पुरोहित फादर सचित एण्ड्रयू करकेट्टा ने अपने अभिषेक के बाद धन्यवाद की प्रथम मिस्सा चढ़ाई, वहीं सिस्टर किरन टोप्पो (सी.जे.) ने अंतिम व्रतधारण और सिस्टर दीपशिखा जोसफ (चार्ल्स कोरोमेओ) ने प्रथम व्रतधारण के बाद धन्यवादी मिस्सा में भाग लिया।

यह एक विलक्षण पल था, जब एक साथ तीन नई बुलाहटें उभरकर सामने आईं और उन्होंने प्रभु सेवा में स्वयं को समर्पित कर दिया। फादर सचित की सेमीनेरी पढ़ाई मसीह विद्यापीठ, एत्मादपुर और फिर प्रयागराज में पूर्ण हुई, तो सिस्टर किरन टोप्पो की धार्मिक शिक्षा झाँसी में सम्पन्न हुई। मूलरूप से जैत मिशन (मथुरा) निवासी सिस्टर दीपशिखा जोसफ ने अपनी धार्मिक पढ़ाई बंगलूरू

में पूरी की। फादर सचित में बुलाहट के प्रारम्भिक चिन्हों को फादर पीटर पारखे ने सबसे पहले परखा और उन्हें पुरोहित बनने के लिए सेंट लॉरेन्स सेमीनेरी, आगरा में प्रवेश लेने को प्रेरित किया। इसी प्रकार सिस्टर किरन टोप्पो को फादर साजी अंथीनाट ने तथा सिस्टर दीपशिखा जोसफ को फादर टोनी अल्मेडा ने धर्मसंघी जीवन बिताने को आमंत्रित किया। फादर सचित का पावन पुराहिताभिषेक महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि के कर कमलों द्वारा विगत माह 24 अप्रैल को निष्कलंक गर्भागमन महागिरजाघर में सम्पन्न हुआ। सिस्टर किरन टोप्पो का अंतिम व्रत धारण 30 जनवरी को सेंट फ्रांसिस कान्वेण्ट, झाँसी में तथा सिस्टर दीपशिखा जोसफ का प्रथम व्रतधारण बंगलूरू में सम्पन्न हुआ।

''जिस प्रकार शादियां स्वर्ग में तय होती हैं, इस धरती पर उन्हें मनाया जाता है,'' ठीक उसी प्रकार पुरोहिताभिषेक और व्रतधारण समारोह भिन्न तिथियों पर अलग-अलग स्थानों पर सम्पन्न हुए, किन्तु उन्हें मनाया उनके लिए धन्यवाद सेंट थॉमस पल्ली, शास्त्रीपुरम में दिया गया।

रविवार 8 मई को धन्यवाद का पवित्र मिस्सा आयोजित किया गया। मुख्य याजक नवाभिषिक्त फादर सचित थे। उनके साथ सिस्टर किरन टोप्पो के परिजन, दिल्ली प्रोविन्स से आए येसु समाजी पुरोहित फादर मनोज तिर्की व महाधर्मप्रांत की विभिन्न पल्लियों से करीब दो दर्जन पुरोहित उपस्थित थे। मिस्सा से पूर्व पल्ली की महिलाओं ने आदिवासी प्रार्थना नृत्य करते हुए सभी पुरोहितों की वेदी तक आगवानी की। कुछ महिलाओं ने पारंपरिक प्रथानुसार नए पुरोहित और दोनों धर्मबहनों के आगे पत्तलें बिछाई, जिन पर चलकर वे प्रभु वेदी तक पहुँचे। क्या ही मनोहारी दृश्य था। प्रस्तावना श्रीमती मेरी जौन ने पढ़ी। समस्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन श्रीमती रजनी जेम्स ने किया। अपने शक्तिशाली प्रवचन में पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर डेनिस डिसूजा ने कहा, कि ''इन तीनों ने भी वर्षों पूर्व भेड़ों की भांति प्रभु की आवाज सुनी होगी, और उसका आह्वान सुनकर उसका अनुसरण करने का फैसला किया होगा। उसकी बुलाहट के अनुसार स्वयं को योग्य बनाना होगा, अपने को सहारा देना होगा और उसकी सेवा करने को अथवा सर्वस्व त्यागकर उसकी सेवा में आए हैं।''

धन्यवाद ज्ञापन फादर सचित ने दिया। मिस्सा के तुरंत बाद तीनों के सम्मान में एक अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर तीनों ने अपनी बुलाहट के बारे में बताया और जीवन साक्षी साझा की। बधाई और उपहार देने वालों का एक लम्बे समय तक तांता लगा रहा। तीनों की ओर से उपस्थित सभी पुरोहितों को शॉल, दुशाला और स्कन्ध पट्ट देकर सम्मानित किया गया। फादर सचित का छोटा भाई ब्रदर करकेट्टा जयपुर धर्मप्रांत के लिए प्रथम वर्ष ईश शास्त्र का अध्ययन कर रहा है। समारोह का समापन एवं महाप्रीतिभोज के साथ हुआ। **—फादर मून लाजरस**

## विभिन्न विद्यालयों में विद्यारम्भ समारोह आयोजित



आगरा। मार्च-अप्रैल के महीने में श्रद्धेय फादर वर्गीस कुन्नथ द्वारा महाधर्मप्रांत में तथा महाधर्मप्रांत के बाहर भी विभिन्न विद्यालयों में प्रथम बार विद्यालय में आने वाले नौनिहालों और उनके माता-पिता के लिए ओरिएण्टेशन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विगत दो वर्षों से वैश्विक महामारी के कारण इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना असम्भव था, किन्तु अब धीरे-धीरे विद्यालय खुलते जा रहे हैं, अतः इस

प्रकार के आयोजन सम्भव हैं। फादर वर्गीस के निर्देशन में सेंट क्लेअर्स (यूनिट एक और दो), सेंट पीटर्स स्कूल, भरतपुर और किरावली, सेंट मेरीज़ कॉन्वेण्ट स्कूल, गाजियाबाद और कनोसा स्कूल, लखनऊ में विद्यारम्भ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को एक घण्टे का ओरिएण्टेशन दिया गया। इस दौरान उन्हें इन बिन्दुओं पर समझाया गया;

1. शिक्षा के क्षेत्र में माता-पिता व शिक्षकों के बीच साझेदारी।

2. राष्ट्र निर्माण में माता-पिता की भूमिका।

3. राष्ट्र की तरक्की के लिए भारतीय संविधान के प्रति जागरुकता।

4. भारतीय संस्कृति बचाने में माता-पिता की भूमिका।

5. माता-पिता के लिए टिप्स।

6. विद्यालय का नज़रिया, मिशन और आदर्श-वाक्य।

7. माता-पिता और बच्चों के लिए मूल्यपरक जीवन का महत्व।

ऐसी कामना की जाती है, कि विद्यारम्भ समारोह और एक घण्टे का ओरिएण्टेशन हमारे पाठ्यक्रम का एक जरूरी हिस्सा बन जाए।

**—फादर वर्गीस कुन्नथ, आगरा**

# Archdiocese At A Glance

## Farwell Programme held at Masih Vidyapeeth, Etmadpur (Agra)



21 April, (Etmadpur) As every beginning has an end so too every inauguration has its closure. Having learnt about the successful accomplishment of the academic year 2021-2022, indeed, instills a sense of pride and satisfaction among the staff and students of Masih Vidyapeeth. In accordance with the succession of the 2021-2022 academic year our 23 students had finished their race in Masih Vidhyapeeth and were given farewell. Along with them four staff members were also honored for their selfless and outstanding services and were given an amicable adieu.

The farewell gathering was held on 21 April. As a token of love towards the honourable outgoing staffs and students, junior students exhibited a memorable cultural programme which made all to recall their past deeds and old memories. During the programme, the Rector of the seminary, Rev. Fr. Joseph Francis D'Souza specially honoured and thanked the staffs, namely Rev. Fr. Dileep Kumar, the Vice-Rector (Diocese of Varanasi) who had finished his 5 years' service, Rev. Fr. V. J. Thomas, the Dean of the Studies (Diocese of Jhansi) had completed his 3 years' service, Rev. Fr. Marian lobo, Animator of Jyoti Niwas (Archdiocese of Agra) completed his 3 year' tenure and Rev. Fr. Francis Paul Masih, Animator of Anand Niwas ( Diocese of Bijnor) had finished his 2 year service at St. Francis Xavier's Regional Seminary, Masih Vidyapeeth, Etmadpuer, Agra. Having completed their tenure at Masih Vidyapeeth successfully these fathers will return to their respective dioceses to take up some pastoral activities. They all were well appreciated for their selfless, committed and sacrificial services which they had rendered to St. Francis Xavier's community. The outgoing students as they bid farewell to their Alma Mater, expressed their heartfelt gratitude

towards the staffs for their spiritual, intellectual and emotional well being and appreciated the opportunities they received all through their stay here. We, the Masih Vidyapeeth staff and students wish them very best for a step forward towards their regency.

"May the road rise up to meet you, may the wind be ever at your back. May the sun shine warm upon your face and the rain fall softy on your fields. And we meet again, May God holds you in the hollow of his hand" - Irish Blessing.

Happy Adieu!

**-Bro. Sixtus Loppaz Mathew**

## Installation of the New Provincial Team and the Jubilee Celebration at Nirmala Provincialate, Greater Noida



23rd April 2022 was a red letter day in the life of Nirmala Province of the Ursulines of Mary Immaculate as it celebrated the Golden Jubilee of Srs. Geraldine, Flora, Kathleen, Dionysia and Meera and the Silver Jubilee of Sr. Jessy Augustine. It was also a day for the New Provincial Team consisting of Sr. Celine Mathew Provincial Superior, Sr. Rekha Punia Vice Provincial, Sr. Carol Thundathil, Sr. Beena George and Sr. Anjali Jacob as Councillors and Sr. Felicia as Provincial Secretary taking up their responsibilities. The solemn thanksgiving Eucharist was celebrated at Nirmala Provincialate, Greater Noida by Most Rev. Dr. Raphy Manjaly, Archbishop of Agra, concelebrated by Most. Rev. Dr. Albert D'Souza Archbishop Emeritus Agra, and nine priests. The theme was "Sowers of Prophetic Hope". Archbishop Raphy Manjaly highlighted the theme in his introduction and spoke on the challenges the leaders have to face and the wisdom and courage they need to face the realities of today. After the Gospel reading the Jubilarians renewed their vows recommitting themselves to the Lord.

Archbishop Albert D' Souza during his homily congratulated both the groups and reminded them of the sower and the seeds that fell at different grounds. Though some seeds were lost yet many yielded fruit. Fifty years and twenty five years of committed service of the sisters have produced abundant fruits in different mission places. We have enjoyed the fruit of our predecessors so we also need to sow the seeds of hope for the coming generation.

The New Provincial Team took up the charge as Provincial and Councillors, through a simple ceremony where the Provincial Superior lighted the lamp from the Crucified Lord and shared it with the Councillors after which they glorified the Lord by singing the 'Magnificat'. The Eucharistic celebration continued with offertory procession. On behalf of the New Provincial Team and the Jubilarians, Sr. Celine Mathew the newly appointed Provincial Superior thanked the gathering for their gracious presence and prayers.After the Holy Eucharist the Provincial team and the Jubilarians were felicitated. The celebration concluded with a fellowship meal.

**- Sr. Rekha Punia, UMI, G. Noida**

## Annual Parish Feast celebrated in St. Fidelis Church, Aligarh

23 April 2022 marked a special day in the annals of the St Fidelis Church, Aligarh. It was a

convergence of many significant celebrations. Being in the Easter Octave, Eve of the Divine Mercy Sunday, Parish feast and the blessing of the Presbytery. The renovated presbytery was blessed by His Grace, Most Rev. Dr. Raphy Manjaly, and the Archbishop of Agra Archdiocese. The old dilapidated residence wore a modified and elegant look. After the blessing of the presbytery and felicitation, the women of the Mahila Mandal led the priests to the church, by a graceful dance. The prayers of all the priests present along with that of the faithful and the melodious singing of the choir led by youth set the ambience on the mode of serenity and tranquility.



The Archbishop in his inspiring homily invited the faithful to deepen and strengthen our faith and trust in the mercy of Jesus, the face of our loving and merciful God. He urged the faithful to grow in faith by following three simple ways- to read the Holy Bible daily, to listen to the life testimonies of people who have experienced the touch of God in their lives and to live by the values of the Gospel.

Then followed a short lively and value instilling cultural program staged by the Fidelian parish community. The Archbishop Raphy gave away the prizes to the Catechism children who did well in the Online exams that were conducted for children of class III to XII. The mesmerizing dance by the tiny stars, the skit on the life-negating use of the mobile by the catechism children, musical dance drama performed by the youth depicting the evils threatening the youth of today and the liberating effect on surrendering life to Jesus and the scripture based quawali show by the dynamic Purush Mandal of the parish were well appreciated by all. At the end of the day delectable meal was served. Filled with joy we moved on, to walk and live in, with the Resurrected Lord.

The Synodial theme - Communion - Participation - Mission was tangibly witnessed. The participation of all -young and old, lay and religious, on stage and off stage, supportive hands and cheering hearts led to the beautiful coordination of the day's event. The vibrancy of the small parish is brought alive chiefly due to the strenuous efforts of our parish priest Fr. John Roshan and the Asst. Parish Priest Fr. Charles Toppo. They lead, motivate and inspire the Fidelian parish community to deepen our faith life and live in unity and love.

**- Sr. Joanita, FS**

## अलीगढ़ में पर्व दिवस की धूम, पुरोहित निवास की आशीष सम्पन्न

अलीगढ़, 23 अप्रैल। संत फिदेलिस पल्ली परिवार अपनी पल्ली के प्रांगण में एकत्र था, तो ऐसा लगता था कि मानो आसमान के सभी सितारों का मजमा वहाँ लगा हो - और लगे भी क्यों न? हमारे पास इसे मनाने के विभिन्न कारण भी थे, सर्वप्रथम उस दिन हम अपनी पल्ली के संरक्षक संत फिदेलिस सिगमारिनजेन का वार्षिक पर्व और दैवीय करूणा का त्योहार मना रहे थे (एक दिन पूर्व), दूसरा कारण था- हमारे पुरोहितों के पुराने/गिरासु भवन का जीर्णोद्धार कर उसे एक नया रूप दिया गया था तथा तीसरा सबसे मुख्य कारण था, कि हमारे अपने प्यारे महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि जी हमारे बीच उपस्थित थे।

सबसे पहले पुरोहित निवास के भवन पर आशीष दी गई। महाधर्माध्यक्ष जी ने धर्मविधि सम्पन्न कराई। तत्पश्चात हम सभी ने संरक्षक संत फिदेलिस और दैवीय करूणा के आदर में पूर्व सन्ध्या पर गिरजाघर में धन्यवाद की पवित्र मिस्सा में भाग लिया। पल्ली की महिलाओं ने धर्माध्यक्ष व सभी पुरोहितों का प्रार्थना-नृत्य के द्वारा स्वागत किया एवं वेदी तक पहुँचाया। अलीगढ़ डीनरी के डीन फादर सनी कोट्टूर सहित कई पुरोहितों ने पवित्र मिस्सा में भाग लिया। इस अवसर पर बहुत से पूर्व पल्ली पुरोहित भी उपस्थित थे। अपने सारगर्भित संदेश में महाधर्माध्यक्ष ने संत फिदेलिस के पद्-चिन्हों पर चलने का आह्वान किया और दैवीय करूणा के संदेश और उसके महत्व को समझाया।

मिस्सा के बाद पर्व दिवस की खुशियाँ बांटने के लिए संत फिदेलिस स्कूल के प्रेक्षागृह में एक संक्षिप्त अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसने तालीम पढ़ने वाले बच्चों, युवाओं और पुरुष मण्डल के सदस्यों ने मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्यातिथि महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी ने कहा, कि उन्हें अलीगढ़ आना बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि यहाँ की कलीसिया बहुत जागृत और मिलनसार है। उन्होंने पल्ली पुरोहित फादर जॉन रोशन परेरा और सहायक पल्ली पुरोहित फादर चार्ल्स टोप्पो के प्रयासों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने तालीम पढ़ने वाले होनहार बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए। एक महाप्रीतिभोज के साथ समस्त कार्यक्रम का समापन होगया।

**— अजी टॉम, अलीगढ़**

## Archbishop Raphy felicitated

G. Noida, 30 April. Archbishop Most Rev. Raphy Manjaly felicitated on his Episcopal Anniversary at Jesus and Mary House, Greater Noida on his way back to Agra from Pondicherry.



On behalf of Priests and Religious Fr. Vinoy Pullivelil the Parish Priest in the presence of Fr. Sebastian K. (Director of the Clergy Welfare) presented flower bouquet.

## बहुत याद आए फादर मैथ्यु थुंडियिल मंथ माइण्ड (एक महीने की) मिस्सा सम्पन्न



भरतपुर, 7-8 मई। अति श्रद्धेय और प्रिय फादर मैथ्यु थुंडियिल की मृत्यु के एक महीने के बाद की (मंथ माइण्ड) मिस्सा निष्कलंक गर्भागमन महागिरजाघर में चढ़ाई गई। अति आदरणीय श्रद्धेय महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि ने लगभग तीस पुरोहितों के साथ उनकी आत्मशांति के लिए यह मिस्सा चढ़ाई। अपने प्रवचन में महाधर्माध्यक्ष जी ने फादर मैथ्यु को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संदेश में फादर मैथ्यु के गुणों और महाधर्मप्रांत में किए गए सभी कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, कि उनके इस प्रकार चले जाने से

महाधर्मप्रांत को जो अपूर्णनीय क्षति हुई है उसकी भरपाई करने में लम्बा समय लगेगा। मिस्सा के बाद उनके सम्मान में आफिस ऑफ द डैड भी पढ़ा गया।

अगले दिन रविवार 8 मई को सेंट पीटर्स चर्च, भरतपुर में भी इसी प्रकार से फादर मैथ्यु की आत्मशांति के लिए पवित्र यूखरिस्त चढ़ाया गया। मुख्य अनुष्ठाता श्रद्धेय फादर सनी कोट्टूर थे। फादर जेकब ने भावभीना प्रवचन दिया। बड़ी संख्या में पल्लीवासियों और आगरा महाधर्मप्रांत के पुरोहितों ने भाग लेकर उनकी आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दोनों मिस्सा में दिल्ली से आई उनकी बहन (सिस्टर नर्स) मुनी, उनके पति और दो भतीजो ने भाग लिया। भरतपुर फादर मैथ्यु की अंतिम कार्यभूमि थी।

ज्ञातव्य है, कि 53 वर्षीय श्रद्धेय फादर मैथ्यु थुंडियिल का विगत 29 अप्रैल को प्रोस्टेट ग्राण्ड के कैंसर की बीमारी के कारण केरल में निधन हो गया था। बहुत प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका था। उनको उनके पैतृक गांव कुम्हरेगाँव (कोट्टायम) में ही दफन कर दिया गया। प्रभु अपने इस महान पुरोहित और कैंसर योद्धा की आत्मा को ग्रहण करे और उसे अनन्त शांति प्रदान करे। **— संपादक (अग्रेडियन्स)**

NATIONAL **NEWS** INTERNATIONAL

## सरधना वाली माता का त्योहार सम्पन्नः पदयात्रा न होने से भक्तों में मायूसी

सरधना (मेरठ), 7-8 मई। सरधना वाली कृपाओं की माता की चमत्कारिक मूर्ति और पवित्र तीर्थस्थल का वार्षिक पर्व मिश्रित भावनाओं के साथ सम्पन्न हो गया। गत दो वर्षों के वैश्विक महामारी के कारण यह पर्व नहीं मनाया जा सका था, इस वर्ष उत्तर भारत के स्थानीय भक्तों में विशेष उत्साह था, किन्तु अंतिम समय में जिला प्रशासन ने मात्र सौ लोगों को पद्यात्रा में भाग लेने की अनुमति दी, जिसके कारण चर्च-प्रशासन ने अपनी ओर से पदयात्रा निरस्त कर दी। फलस्वरूप दूरदराज से आने वाले माता के भक्तों को बहुत निराशा हुई।



सरधना तीर्थालय के पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर ससिन बाबू ने अग्रेडियन्स को बताया कि कुछ कारणों से सरकार से पदयात्रा की अनुमति नहीं मिली। मात्र सौ लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति मिली थी, जिसके चलते इस वर्ष पदयात्रा को निरस्त करना पड़ा। फिर भी भक्तों का मनोबल और भक्तिभावना में कोई कमी नहीं दिखी। 8 तारीख को पर्व दिवस पर तीर्थालय में पर्व व रविवार होने के कारण तीन पवित्र मिस्सा बलिदान सम्पन्न हुए, जिनमें भक्तों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। पहला मिस्सा प्रातः 7.30 बजे फादर जॉन मैकेनरो, दूसरा 8.30 बजे फादर ससिन बाबू ने तथा तीसरा समारोही मिस्सा बलिदान मेरठ धर्मप्रांत के प्रशासक अतिश्रद्धेय फादर वलेरियन पिण्टो ने चढ़ाया।

फादर ससिन बाबू ने बताया, कि 1957 में तत्कालीन धर्माध्यक्ष डॉ. एवेंजेलिस्ती कृपाओं की माता की चमत्कारिक तस्वीर इटली से लाए थे। तब अगले वर्ष से ही यहाँ सरधना में पवित्र तीर्थालय की स्थापना हुई थी। तब से लेकर आज तक न जाने कितने चमत्कार यहाँ होते रहते हैं। पदयात्रा की शुरुआत तत्कालीन धर्माध्यक्ष बिशप पैट्रिक नायर ने वर्ष 1975 में मात्र 60 लोगों के समय मेरठ कथीड्रल चर्च से चलकर दबथुवा मिशन में आराधना करके कृपाओं की माता के पवित्र तीर्थालय तक पदयात्रा आरम्भ की थी। हे कृपाओं की माता, हमारे लिए प्रार्थना कर।

# Archdiocese at a Glance...Cont.





5th Batch of Yoga Course | Fr. Philip Correia's 'Ish Vachan' released | Easter Dawn Service by ADCC held





Workers' Day celebrated- St. Paul's Inter College, Agra, St. John Paul's, Fatehabad and St. Anthony's, Agra





Feast Day Celebrated, Aligarh | UMI New Team takes over | Fatima Hsp. helps poor & needy





Regional Women's Training Programme held at St. Joseph's Pastoral Center, Agra (6-8 May 2022)






19 April, Wedding Silver Jubilee | Bp Francis Kalist bid farewell by Agrawalas! | Fr. Mathew remembered, May 29

**Editorial Team :** Fr. E. Moon Lazarus, Fr. Jacob P., Dr. Antony A. P., Mrs. Nishi Augustine





For Private Circulation Only

Edited and Published by
**Fr. E. Moon Lazarus**
Cathedral House
Wazirpura Road, Agra-282 003
E-mail : agradiance@yahoo.com

Printed at
**St. Joseph's Printing School**
Motilal Nehru Road, Agra-3
Ph. : 9457777308